सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार,तिथि 01 फाल्गुन, 1935 (श0) / 20 फरवरी, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 93**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 23 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 13 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 11 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 08 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 23 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 08 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 93 |

तालाब का सौन्दर्यीकरण

* 245. डॉ0 रंजु गीता-—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मधुबन, बसहा (पश्चिमी) पंचायत के ग्राम-बसहा में तीन-चार एकड़ का एक बड़ा तालाब है, जो आजादी से पूर्व का है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित तालाब का जीर्णोद्धार नहीं होने से जल संचय के साथ मछलीपालन, मवेशी को पीने का पानी एवं आम जनता को दिक्कत हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित तालाब का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार बनाना

* 246. श्री छेदी पासवान-—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियाँ प्रखंड के ग्राम-डडवा भरखर, मुजान, कटराकला और कुदरा प्रखंड के ग्राम-कुदरा, लालापुर, सकरी, खनैठी में जलमीनार के बिना उक्त ग्रामीणों को जलापूर्ति में बाधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में जलमीनार बनाने का विचार रखती है ?

---

पानी उपलब्ध कराना

* 247. श्री जितेन्द्र कुमार-—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां प्रखंड मुख्यालय में स्थित पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2008-09 में हुआ है, परन्तु उक्त टंकी से जन-सामान्य को आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे आम जनता में आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पानी टंकी से आवश्यकतानुसार जन-सामान्य को पीने का पानी कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

* 248. श्री संजय सरावगी-—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बागमती नदी पर महाराजी पुल की स्थिति जर्जर होने के कारण 15 वर्षों से भाड़ी वाहन के परिचालन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल नगर निगम के तीन वार्डों एवं लगभग 50 हजार आबादी को जोड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महाराजी पुल का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पक्का बनाना

* 249. डॉ० दाउद अली——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के बोर्ड कोलनी, शास्त्रीनगर शिव मंदिर नाला के बगल वाला पथ की स्थिति आई०जी०एम०एस० की चहारदीवारी बन्द हो जाने के कारण ए०जी० कोलनी, कृषि नगर, बैंक ऑफ इण्डिया कोलनी, इन्द्रपुरी कोलनी के यातायात दबाव के कारण जर्जर हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के पास कच्चा नाला रहने के कारण आर०सी०सी० पथ टूट रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त कोलनीवासी को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उक्त पथ का पुनः निर्माण एवं कच्चा नाला को पक्का बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वापस करना

* 250. श्रीमती पूनम देवी यादव——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बलुआही बस पड़ाव जिला परिषद् के भू–खंड हाजीपुर मौजा खेसरा नं० 131, 132 पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1987–88 में जिला प्रशासन उक्त भू–खंड को विकसित कर बस पड़ाव के रूप में उपयोग कर रही थी जिसे वर्ष 2007–08 में नगर परिषद्, खगड़िया को हस्तांतरित कर दिया गया, जबकि पंचायती राज अधिनियम, 2006 की धारा 80, 81 (घ) में उल्लेखित है कि जिला परिषद् की सम्पत्ति पर किन्हीं का अधिकार नहीं है साथ ही किसी अन्य विभाग को स्थानान्तरित नहीं होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस पड़ाव को जिला परिषद्, खगड़िया को वापस करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पशु चिकित्सालय खोलना

* 251. श्री रामदेव महतो——क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड के सनौर ग्राम प्रखंड मुख्यालय से 10 कि० मी० के दूरी पर है और वहाँ पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सनौर ग्राम में पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है ?

---

संयंत्र लगाना

* 252. श्री मंजीत कुमार सिंह——क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि एच०डी०एफ०सी०, इरगो को गोपालगंज, सीवान एवं भोजपुर, रिलायन्स जी० आई०सी० लिमिटेड को वैशाली, जूलामंडलय को अररिया, कटिहार एवं किशनगंज, टाटा आई०डी० जी० को सहरसा, मधेपुरा, इफको टोकियो (जी०आई०सी०) को पटना, नालन्दा, पूर्णियाँ, बक्सर, अरवल, शेखपुरा एवं एग्रीकलचर इंश्योरेंस कम्पनी, आयु इंडिया लिमिटेड को सारण, गया सहित ग्यारह जिला के फसलों की बीमा हेतु वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में चयनित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 5 सह०फ०, दिनांक 7 जनवरी, 2013, 2481, दिनांक 6 जून, 2013 द्वारा सभी बीमा कम्पनियों का 15 किलो मीटर की परिधि में फसल क्षति का आकलन हेतु मौसम आधारित संयंत्र लगाये जाने का निदेश था ;

(3) क्या यह बात सही है कि किसी भी बीमा कम्पनियों के द्वारा मौसम आधारित संयंत्र 15 किलो मीटर की परिधि में नहीं लगाने के कारण किसानों को फसल क्षति का वास्तविक लाभ नहीं मिलने से 50 करोड़ का नुकसान हुआ है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक मौसम आधारित संयंत्र नहीं लगाने का क्या औचित्य है ?

नक्सा उपलब्ध कराना

* 253. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमुर जिला के दुर्गावती अंचल में नक्सा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अंचल में नक्सा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

धान क्रय केन्द्र खोलना

* 254. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 जनवरी, 2014 के अंक में छपी खबर "लापरवाही अबतक 307 पैक्स मे ही खरीद शुरू" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की 8,463 पैक्स में से मात्र 307 में ही धान की खरीद होने से राज्य के किसानों को आर्थिक क्षति हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, नालन्दा सहित 14 जिलों में एक भी धान क्रय केन्द्र नहीं खुला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिलों में धान क्रय केन्द्र खोलने एवं लक्ष्य को प्राप्त करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति करना

* 255. श्री राम बालक सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के बेलसन्डी डीह, समर्था एवं कमराउ में मिनी पानी टंकी का निर्माण तीन वर्षों से हो रहा है, किन्तु उक्त पानी टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं होने से पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं किया जा सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मिनी पानी टंकी का निर्माण कराकर ग्रामीणों को जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

* 256. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत शहर में मुख्य मंत्री नगर विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2009-10 में लक्ष्मी चौक से तुरहा पट्टी होते हुए सिकन्दरपुर मन होते हुये भाया धोबी घाट राणी सती मन्दिर तक राशि 644.887 लाख सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई, परन्तु राशि खर्च होने के उपरान्त भी कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

---

निष्पादन कराना

* 257. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही भागलपुर जिला के अंचलाधिकारी, नवगछिया को आदर्श थाना, नवगछिया के कांड संख्या 153/1 के अनुसंधानकर्ता अवर निरीक्षक ने राजस्व विभाग से संबंधित विपत्रों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु नवगछिया थाना डी। आर नं0 1051, दिनांक 11 जुलाई, 2013, डी0 आर0 नं0 1052, दिनांक 11 जुलाई, 2013, डी0 आर0 नं0 1115, दिनांक 6 जुलाई, 2013, डी0 आर0 नं0 1148, दिनांक 31 जुलाई, 2013 डी0 आर0 नं0 1185, दिनांक 08 अगस्त, 2013, एवं डी0 आर0 नं0 1389, दिनांक 19 सितम्बर, 2013 के माध्यम से अंचलाधिकारी, नवगछिया को पत्र दिया, परन्तु जवाब नहीं देने के कारण काण्ड का अनुसंधान लम्बित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पत्रों का निष्पादन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

खर्च करना

* 258. डॉ० इजहार अहमद——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 240 करोड़ रूपये मुख्य मंत्री चापाकल योजना के विगत दो वर्षों से राशि जमा पड़ी हुई है, इसमें से आजतक कुछ भी खर्च नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त वर्णित राशि को जनहित में कबतक खर्च करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

वितरण करवाना

* 259. श्री अरूण शंकर प्रसाद——क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी, जयनगर एवं खजौली प्रखण्डों में डीजल अनुदान की राशि का वितरण दो महिना से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्डो में डीजल अनुदान की राशि किसानों के बीच वितरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

खाद्यान्न उपलब्ध कराना

* 260. श्री विनय बिहारी——दिनांक 05 जनवरी, 2014 को दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर "रहम के मोहताज है एक ही परिवार के छह गूंगे" के संदर्भ में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज मच्छरगांवा के महादलित बस्ती बैलवनवा गाँव में सोबराती मियाँ उर्फ बागड़ मियाँ के सात व्यक्तियों के परिवार में छः व्यक्ति सौ प्रतिशत विकलांग (मुख–बधिर) हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परिवार बी० पी० एल० कार्डधारी हैं, इसके बावजूद संबंधित जन–वितरण दुकानदार द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बी० पी० एल० परिवार को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जमीन उपलब्ध कराना

* 261. श्रीमती सुजाता देवी——क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के सुखासन पंचायत ग्राम सुखासन वार्ड 8 में 400 महादलित परिवार निवास करते हैं, जिसको अपना वासडीह नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में केवल 44 महादलित परिवारों को वर्ष 1970 में वासडीह पर्चा सरकार से मिला था जिसमें 400 परिवार बहुत कठिनाई के साथ रह रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में सभी महादलित परिवारों को 03 डीसमल जमीन वासडीह के लिए देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*262. श्री बृज किशोर सिंह––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड कर्थया, बरूराम, बरूराज–02, मोतीपुर जुनेदा, जलमीनार विगत 15 वर्षों से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बन्द जलमीनार को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*263. श्री गोपालजी ठाकुर––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के महिनाम, नवादा, सफुआर, मलौल, बहेड़ी प्रखण्ड के शेर, नारायण दोहट, इनाई, बधौनी, समथपुरा एवं बिरौल प्रखण्ड के परड़ी, देकुलीधाम, वैरमपुर, मनोर मौराम, रसलपुर, कमरकाला स्थित मुक्तिधाम मे रोड, चबूतरा, चापाकल, घाट का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी मुक्तिधाम मे जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपरोक्त सभी मुक्तिधाम मे उक्त अनुमान्य सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---

निर्णय का कार्यान्वयन

*264. श्री जितेन्द्र कुमार––क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहकारिता आन्दोलन को सफल बनाने हेतु राज्य सरकार ने विगत 5 वर्ष पूर्व निर्णय लिया है कि बिहार राज्य सहकारिता बैंक मे रुपये जमा कराये जाये जिसका आजतक अनुपालन नहीं होने से सहकारिता आन्दोलन को सफलता नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्णय को कबतक कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*265. श्रीमती गुड्डी देवी––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के राजेन्द्र नगर मुहल्ला के रोड नं0 11 का सडक डॉ0 गीता सिन्हा के आवास से विन्ध्यवासनी मंदिर तक की पथ विगत 10 (दस) वर्षों से जर्जर है, जिस कारण आवागमन मे कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन उपलब्ध कराना

*266. श्रीमती पूनम देवी यादव––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगडिया जिलान्तर्गत मानसी प्रखण्ड के अमनी पंचायत के ग्राम–चकला मुशहरी, वार्ड नं0 2 वाटरवेज बाँध पर बसे 150 महादलित परिवारों को अबतक 3 डीसमिल जमीन उपलब्ध नही कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन महादलित परिवारों को घर बनाने के लिये 3 डीसमिल जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

वासडीह उपलब्ध कराना

*267. श्रीमती सुजाता देवी––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के मलाढ़ पंचायत के वार्ड 9 में 400 महादलित परिवार निवास करते हैं, जिसको अपना वासडीह नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वार्ड में केवल 78 परिवार को वासडीह पर्चा उपलब्ध कराया गया है, शेष को अबतक वासडीह पर्चा उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष महादलित परिवारों को वासडीह उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*268. श्री दिनेश प्रसाद––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड के अन्तर्गत वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक उत्क्रमित मध्य विद्यालयों कोदरिया, हरसेर, नकनेमा सहित सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में इंडिया मार्क III का चापाकल विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गाड़ा गया था, परन्तु 90 प्रतिशत चापाकल बन्द पड़े हुये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार बन्द पड़े चापाकलों को चालू कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मकान बनाना

*269. श्री नीरज कुमार बब्लू––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत वीरपुर अनुमंडल के कचहरी को अपना स्थायी मकान नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कचहरी को स्थायी मकान नहीं रहने के कारण आगजनी एवं महत्वपूर्ण कागजात की सुरक्षा व्यवस्था को हमेशा खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कचहरी में स्थायी मकान बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना पूर्ण कराना

*270. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया, कल्याणपुर तथा संग्रामपुर प्रखण्ड में वर्ष 2011–12 में ही मिनी जलापूर्ति की 10 योजना शुरू हुई थी, जिसमें से एक भी योजना पूर्ण नहीं हो सकी, जिससे आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार अधूरे पड़े मिनी जलापूर्ति योजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

चापाकल गाड़ना

*271. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विधायकों की अनुशंसा एवं स्थल चयन के अनुकूल प्रत्येक पंचायतों में 5 (पाँच) चापाकल एवं वार्ड अन्तर्गत 1 (एक) चापाकल को गाड़ने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में सारण जिलान्तर्गत दिघवारा एवं सोनपुर प्रखण्ड के अनुशंसित चापाकल गाड़ने का काम पूरा नहीं किया जा सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुशंसित स्थल दिघवारा प्रखण्डान्तर्गत कुरैयाँ को बदल दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुशंसित स्थान पर सभी चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*272. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड में भंडारी गाँव के वार्ड नं० 1 (एक) में वकील भगत के घर के सामने वर्ष 2012 में 2 लाख लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया, जिसमें एक चापाकल का प्रावधान था, जिसको अभीतक नहीं गाड़ा गया है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सार्वजनिक शौचालय में कबतक चापाकल गाड़कर शौचालय को चालू करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्त कराना

*273. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत खुरियाल में खतियान को क्रम सं० 927, खेसरा नं० 375 तथा रकबा 1.14 डिसमिल जमीन पुरानी परती गैर-मजरूआ जमीन है, जिसपर उसी गाँव के मो० अब्बास, मो० हबिबुर रहमान तथा मो० सगीन तीनों के पिता हफीज पटवारी ने जबरन वर्ष 2012 से कब्जा कर लिया है, जिसकी लिखित शिकायत पंचायत खुरियाल निवासी श्री एजाज अहमद ने दिनांक 19 मार्च, 2013 को जिला पदा०, कटिहार से की है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त शिकायत के बावजूद भी उक्त गैर-मजरूआ जमीन को अभीतक अवैध कब्जा से मुक्त नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का विचार रखती है ?

---

लाभान्वित करना

*274. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड में 48 एकड़ सरकारी जमीन में कृषि फार्म है, परन्तु कृषि से संबंधित कोई भी अनुसंधान संस्थान अबतक स्थापित नहीं किये जाने से जिले के किसान लाभान्वित नहीं हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर कृषि से संबंधित अनुसंधान केन्द्र स्थापित कर कृषकों को लाभान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का कार्यान्वयन

*275. श्री जितेन्द्र कुमार राय—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 31 जनवरी, 2014 के अंत में छपी खबर ''राज्य सरकार ने रोका आम आदमी का घर'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में केन्द्र प्रायोजित बीएसयूपी और आईएसएचडीपी योजना के अधीन वर्ष 2013 में 50995 आवास बनाने हेतु 146787 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि 1 जनवरी, 2014 तक राज्य में मात्र 6 फीसदी ही आवासों का निर्माण हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य के मात्र 30 शहरों के गरीबों के आवास का निर्माण के लिये प्रस्ताव भेजा गया था और मढ़ौरा, छपरा सहित 100 से अधिक शहरों का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को नहीं भेजा गया था;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के मढ़ौरा, छपरा सहित सभी शहरों में उपरोक्त योजना के कार्यान्वयन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*276. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के उदवन्तनगर प्रखण्ड अन्तर्गत नवानगर में अवस्थित पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर है तथा चहारदीवारी के अभाव में जमीन का भी अतिक्रमण हो रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय का भवन मरम्मती एवं चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*277. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10, 11,14 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बीआरसी, पटेल टोला में पेयजल नहीं पहुँच पाता है, इससे लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ जलापूर्ति कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य कराना

*278. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के मोरसंड एवं अथरी तथा प्रेमनगर एवं तिलकताजपुर ग्राम पंचायत में पाइप लाइन जलापूर्ति योजना तैयार करने के लिये कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा पत्रांक 1359, दिनांक 12 अक्तूबर, 2012 को संयुक्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को पत्र लिखा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के आलोक में मोरसंड, अथरी एवं तिलकताजपुर, प्रेमनगर के लिये पाइप लाइन जलापूर्ति योजना का कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पाइप जलापूर्ति योजना का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है ?

आधार कार्ड बनवाना

*279. श्री नौशाद आलम क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज एवं दिघल बैंक प्रखंडान्तर्गत आधार कार्ड बनाने का कार्य समाप्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों के विभिन्न ग्रामों यथा ठाकुरगंज प्रखंड के दूध औंटी जीरनगाछ, डाँगी गच्छ, भोगडाबर आदि ग्रामों के हजारों की संख्या में लोगों का आधार कार्ड नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आधार कार्ड से वंचित उपर्युक्त ग्रामों के लोगों का आधार कार्ड बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नल व्यवस्था कराना

*280. श्री गोपालजी ठाकुर क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड के परड़ी ग्राम में पानी में आर्सेनिक की मात्रा 80 प्रतिशत पाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु उक्त ग्राम में मात्र दो छोटा प्लांट लगाया गया, परन्तु नल की व्यवस्था नहीं रहने से ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित है;

(3) क्या यह बात सही है कि परड़ी पंचायत की आबादी टोला सहित दस हजार है;

(4) क्या यह बात सही है कि दस हजार की आबादी के लिए मात्र दो प्लांट अपर्याप्त है;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्लांट में नल व्यवस्था कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

विद्यालय की स्थापना

*281. श्री रतनेश सादा क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड के ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी भगवानपुर में कृषि विद्यालय बनाने का निर्णय सरकार द्वारा 2008 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय सौर बाजार के भगवानपुर में जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों के हित में कबतक भगवानपुर में कृषि विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

*282. श्री विनय कुमार सिंह क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के ग्राम आमी (माँ अम्बिका स्थान) में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जलमीनार निर्माण की स्वीकृति हुई है, किन्तु आजतक उक्त जलमीनार का कार्य अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनार का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान कराना

*283. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा : क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग के विभागीय पत्रांक 204/स० को०, दिनांक 14 नवम्बर, 2011 के द्वारा सहकारिता प्रबंधकों के समस्याओं के निदान हेतु एक समिति का गठन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पत्रांक 4339, दिनांक 22 अगस्त, 2012 के माध्यम से सचिव, सहकारिता को प्रतिवेदन समर्पित करते हुए बकाये वेतन भुगतान हेतु अनुशंसा की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार समिति के अनुशंसा के आलोक में प्रबंधक, सहकारिता का बकाया वेतन का भुगतान कबतक करना चाहती है ?

सड़कों का जीर्णोद्धार

*284. श्री नौशाद आलम : क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज नगर पंचायतान्तर्गत जिर्लाबया मोड़ से स्टेशन तक, भीमवाली चौक से रजिस्ट्री ऑफिस तक, भातढ़ाला चौक से आरा मिल होते हुए एन० एच० 63 तक आने वाली सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात आते ही उक्त सड़कों पर पानी जमाव हो जाता है एवं आवागमन काफी कठिन हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़कों का जीर्णोद्धार चालू वित्तीय वर्ष में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भू धारियों का भुगतान

*285. श्री अशोक कुमार : क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखंड के परवत्ता ग्राम के समीप करेह नदी के दाएँ तटबंध (हायाघाट कराचीन तटबंध) के 31.0 कि० मी० पर निर्माण हेतु वर्ष 2001-02 में भूमि अधिग्रहण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भू धारियों को अबतक मुआवजा नहीं दिलाया जा सका है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तटबंध निर्माण में अधिग्रहण भूमि का मुआवजा भू धारियों को भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुधारात्मक व्यवस्था कराना

*286. श्री वीरेन्द्र सिंह : दिनांक 21 नवम्बर, 2013 को दैनिक अखबार ''दैनिक जागरण'' में प्रकाशित खबर शीर्षक ''भुसंडा सलेमपुर पशु मेले की स्थिति बदतर'' का ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड अन्तर्गत वर्षों पूर्व भुसंडा सलेमपुर पशु मेले की शुरुआत व्यापारियों को पशु रखने के लिए स्थान सुरक्षित करने हेतु शुरुआत की गयी थी, परन्तु वहाँ व्यापारियों को काफी असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो उक्त पशु मेले में क्या सरकार सुधारात्मक व्यवस्था कराने का विचार रखती है ?

कार्यारम्भ कराना

*287. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव एवं पिरपैंती प्रखंडों में गंगा से पानी लेकर उसे यंत्र से शुद्ध करके वृहत ग्रामीण जलापूर्ति योजना 3 वर्ष पूर्व में प्रारंभ हुआ, किन्तु भू-अर्जन के अभाव में नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस केन्द्रीय योजना में काफी विलम्ब हो जाने के कारण आवंटित राशि लौट जाने की भी संभावना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजना का कार्यारम्भ कब से करवाया जायेगा ?

---------

पशु अस्पताल खोलना

*288. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा विधान-सभा क्षेत्र के कराय परशुराय प्रखंड में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण पशुओं के इलाज के लिये पाँच से दस किलोमीटर की दूरी तय कर हिलसा पशु अस्पताल जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कराय-परशुराय प्रखंड में पशु अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों, हाँ, तो कबतक ?

---------

क्षतिपूर्ति राशि देना

*289. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर, खानपुर, शिवाजीनगर, रोसड़ा, हसनपुर एवं बिथान प्रखंडों में वर्ष 2007 में आये बाढ़ से किसानों का फसल नष्ट हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि विभूतिपुर प्रखंड में 92 प्रतिशत किसानों को नष्ट गन्ना की फसल की क्षतिपूर्ति मिली है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राकृतिक विभीषिका से खानपुर, शिवाजीनगर, रोसड़ा, हसनपुर एवं बिथान प्रखंड को आजतक क्षतिपूर्ति की सही गणना कर राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो उक्त प्रखंडों में कबतक किसानों को फसल की क्षतिपूर्ति राशि देने का विचार रखती है ?

---------

किसान भवन बनाना

*290. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर एवं बोखड़ा प्रखंडों में ई० किसान भवन नहीं रहने के कारण आम जनता को दिक्कत हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में ई० किसान भवन बनाने का विचार रखती है ?

जलमीनार का निर्माण

*291. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर में शहरी जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत दो जलमीनार का निर्माण हो चुका है, जबकि कुल तेरह (13) जलमीनार का निर्माण होना था, यदि हाँ, तो सरकार पूरे नगर निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल वितरण हेतु शेष ग्यारह (11) जलमीनार का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बकाया वेतन का भुगतान

*292. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्र संख्या 3 आर 1-103/76(खण्ड) का० 6489 के आलोक में मधेपुरा, सहरसा एवं सुपौल जिला में तृतीय वर्ग कर्मचारी के रूप में प्रबंधक (पैक्स) के पद पर 244 प्रबंधकों की नियुक्ति जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमिटी द्वारा की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यालय सहरसा जिला संवर्ग सहयोग समिति लि०, मधेपुरा में नियुक्त 244 कार्यरत/सेवानिवृत एवं मृत प्रबंधकों का वेतन भुगतान विगत वर्ष 1997 से बकाया है;

(3) क्या यह बात सही है कि कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन पत्रांक 4339, दिनांक 22 अगस्त, 2012 में कमिटी ने प्रबंधकों के लम्बित बकाया वेतन भुगतान हेतु सहकारिता विभाग को सुझाव के साथ प्रतिवेदन समर्पित किया है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रभावित प्रबंधकों का बकाया वेतनादि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*293. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के नगर पंचायत बिहिया अन्तर्गत नवोदय चौक से नवोदय विद्यालय होते हुये महथिन माँ मंदिर तक जाने वाला सड़क एवं नाला क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से जाने वाला नाला क्षतिग्रस्त होने से आस-पास रहने वाले लोगों के घर में गंदा पानी भरा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर पंचायत बिहिया अन्तर्गत नवोदय चौक से महथिन माँ मंदिर तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

जीर्णोद्धार कराना

*294. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कंकड़बाग, पटना में हनुमान नगर पानी टंकी से एन०एच० पर जाने वाली सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि आये दिन उस पर दुर्घटनाएँ घटती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है ?

निर्माण कराना

*295. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत सुगौली प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में पेयजलापूर्ति हेतु 12 वर्ष पूर्व बोरिंग की स्थापना की गयी थी, पाइप लाइन एवं पानी टंकी का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आजतक लगभग 33 हजार नगर पंचायत वासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पाइप लाइन एवं पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार चालू कराना

*296. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज विधान-सभा अन्तर्गत दुल्हिन बाजार में एक जलमीनार वर्ष 2012 में चालू हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि चालू किये जाने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर जलमीनार खराब हो गया, जिसे आजतक मरम्मती कर चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त जलमीनार को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*297. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय विक्रमगंज में कोई बस स्टैण्ड नहीं होने से बसें सड़क के किनारे खड़ी रखती है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा दिनांक 28 मार्च, 2011 को बस स्टैंड निर्माण हेतु सचिव, नगर विकास विभाग को लिखित अनुरोध किये जाने के बावजूद भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विक्रमगंज में बस स्टैण्ड निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्ड उपलब्ध कराना

*298. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत मधेपुरा प्रखण्ड स्थित बकुआ, ढालख एवं महपतिया पंचायत के महादलित परिवारों को राशन एवं किरासन कार्ड से आजतक वंचित रखा गया है, जिसके कारण उक्त पंचायत के महादलित एवं अत्यन्त पिछड़ा भारी परेशानी में है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्या ने पत्रांक 64, दिनांक 19 अगस्त, 2013 को पत्र लिखकर जिला पदाधिकारी, मधुबनी को जानकारी दिया था, परन्तु उक्त उपभोक्ताओं को आजतक राशन, किरासन कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त महादलित एवं अत्यन्त पिछड़े लोगों को राशन, किरासन कार्ड उपलब्ध करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्लांट की स्थापना

*299. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड में 30 हजार लीटर प्रतिदिन दुध का उत्पादन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुध को पशुपालकों को बिक्री हेतु 25 कि०मी० ले जाना पड़ता है, जिससे पशु पालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशु पालकों की सुविधा को देखते हुये वजीरगंज प्रखण्ड मुख्यालय में दुध उत्पादन (प्लांट) केन्द्र की स्थापना एक निश्चित समय-सीमा के अन्दर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*300. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के 54, एवं बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के 104, जन वितरण प्रणाली के विक्रेता के द्वारा माह नवम्बर-दिसम्बर, 2013 तक अन्त्योदय एवं बी०पी०एल० परिवारों के खाद्यान्न हेतु बैंक ड्राफ्ट राज्य खाद्य निगम के खाते में जमा करने के बावजूद दो माह का खाद्यान्न राज्य खाद्य निगम द्वारा जन-वितरण विक्रेता को आवंटित नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि माह नवम्बर-दिसम्बर, 2013 तक बैकुण्ठपुर एवं सिधवलिया के पच्चीस हजार (25,000) बी०पी०एल० परिवारो अन्त्योद्य एवं खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खाद्यान्न आवंटित नहीं करने वाले राज्य खाद्य निगम के खिलाफ सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

फसल की बीमा कराना

*301. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग की अधिसूचना सं० 4512, दिनांक 14 नवम्बर, 2008 द्वारा कृषि वर्ष 2008-09 के रब्बी फसल में गन्ना (ईख) फसल का 15 जिले में बीमा करने हेतु अधिसूचित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग ने अधिसूचना सं० 4900, दिनांक 8 नवम्बर, 2011 द्वारा कृषि वर्ष 2011-12 के लिये सिर्फ जमुई, मुंगेर, शिवहर जिला के फसल बीमा योजना हेतु अधिसूचित किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 5754, दिनांक 26 जनवरी, 2012 द्वारा निर्गत अधिसूचना में वर्ष 2012-13 में रब्बी फसल में ईख का बीमा करने के लिये किसी जिला को अधिसूचना नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बचे हुये शेष जिला में रब्बी फसलों में गन्ना (ईख) फसल को बीमा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*302. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 2 जुलाई, 2013 को पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक नया इंडिया में प्रकाशित "करोड़ों के चावल घोटाले पर सरकार मौन" के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 1240, करोड़ के चावल घोटाले मामले में दोषियों के विरुद्ध अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधकों की मदद से राईस मिल मालिकों द्वारा 23 लाख 30 हजार 783 क्विंटल धान का गबन किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार राईस मिल मालिकों से 62 फिसदी चावल पहले लेकर 100 फिसदी धान देने का है, जिसका घोर उल्लंघन हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इतने बड़े स्तर पर घोटाला करनेवाले पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है ?

अनुदान पूर्ववत करना

*303. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रदेश में कृषि यंत्रों की खरीद से सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 में ट्रैक्टर में 60 (साठ हजार) तथा हार्वेस्टर में 5 (पाँच) लाख रुपये अनुदान दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में कृषि यंत्रों की खरीद के अनुदानों में 15 (पन्द्रह) हजार तथा हार्वेस्टर में 2 (दो) लाख रुपये की कटौती कर दी गयी है जिससे कृषकों को कृषि यंत्रों की खरीद में आर्थिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा कृषि यंत्रों की खरीद में दी जा रही अनुदान में कटौती किये जाने का क्या औचित्य है तथा सरकार कृषि यंत्रों पर दी जा रही अनुदान पूर्ववत करना चाहती है, नहीं, तो क्या विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*304. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के भिगो में वर्ष 2011 से ही 43.25 लाख की लागत से मुक्तिधाम बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उसका उपयोग प्रारंभ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उसका उपयोग प्रारंभ कराना चाहती है एवं विलंब के लिए दोषी पदाधिकारी को चिह्नित कर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नक्सा उपलब्ध कराना

*305. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में जमीन का नक्सा छपाई हेतु एक मात्र प्रेस गुलजारबाग, पटना में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रेस में आधारभूत संरचना एवं कर्मचारी के कमी के कारण पूरे प्रदेश के नागरिकों को ससमय नक्सा नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रेस का अधुनिकीकरण कर प्रदेश के हर आवेदक को ससमय नक्सा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*306. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत मीरगंज में मरछीया देवी चौक से पश्चिम जाने वाली पथ में नाला का निर्माण नहीं होने से जल-जमाव बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नगर पंचायत मीरगंज में मरछीया देवी चौक से कपरपुरा खाड़ तक नाला निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कोल्ड स्टोरेज की स्थापना

*307. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखण्डों में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से किसानों को कृषि उत्पादों को संरक्षित रखने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*308. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक अनुमण्डल में विद्युत शवदाह गृह निर्माण करने हेतु 2009 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा, राजगीर, बिहारशरीफ तथा पटना जिला के फतुहा अनुमण्डल में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमण्डलों में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बन्दोबस्ती बरकरार रखना

*309. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआँव प्रखण्ड के ग्राम चन्देश के 94 भूमिहीनों को खाता नं० 269, प्लॉट नं०-2781, रकबा 3.70 एकड़ भूमि वर्ष 2008 में बन्दोबस्ती कर लाल कार्ड निर्गत कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में जिलाधिकारी द्वारा उस भूमि को तालाब बताकर उनका बन्दोबस्ती रद्द कर दिया गया, जबकि वहाँ से तालाब एक किलो मीटर दूर स्थित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त गरीब लोगों का बन्दोबस्ती बरकरार रखने का विचार रखती है ?

---

सब्सिडी देना

*310. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर खरीदने पर किसानों को सब्सिडी देने की योजना चलाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में इस वित्तीय वर्ष 2013-14 में सब्सिडी की राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण सैकड़ों किसान इस योजना का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मद में अविलम्ब राशि प्रदान कर ट्रैक्टर खरीदने वाले किसानों को सब्सिडी देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति सुनिश्चित कराना

*311. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखण्डान्तर्गत ग्राम सुसाढ़ी में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वर्ष 2012 से ही जलमीनार बनकर तैयार है, जिसे आजतक चालू नहीं कराये जाने से ग्रामीण जनता स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार को चालू कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निविदा में खामी

*312. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 2 जनवरी, 2014 को राष्ट्रीय सहारा समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''फ्लैटों के लिये फिर से निकलेगा टेंडर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 7 मई, 2013 को राज्य के चार जिलों में सरकार द्वारा 27 हजार फ्लैट एवं कमर्शियल प्लेस बनाने का निर्णय लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण हेतु निविदा पूर्व निवेशकों का दिल्ली एवं मुम्बई में लाखों रुपये खर्च कर सम्मेलन भी आयोजित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त फ्लैटों के निर्माण हेतु निर्गत निविदा में निवेशकों ने दिलचस्पी नहीं ली और इस तरह निर्माण की प्रक्रिया गतिहीन बनकर रह गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निर्माण प्रक्रिया एवं निविदा में कौन-सी खामी रह गयी जिसके कारण निवेशक दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं ?

---------

जलापूर्ति कराना

*313. डॉ० श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मुहल्ला न्यू यारपुर, गर्दनीबाग रोड नं०-1 पटना के सर्व श्री शिव कुमार प्रसाद, मंटू ठाकुर, विनोद कुमार एवं 15 व्यक्तियों को पेयजल पाइप के विस्तारीकरण करने हेतु दिनांक 10 मई, 2013 को मुख्य अभियंता, जलापूर्ति पटना नगर निगम, पटना को आवेदन समर्पित किया गया है, जिसके आलोक में उनके द्वारा प्राक्कलन बनाकर अपर नगर आयुक्त (स्थापना), पटना नगर निगम, पटना को स्वीकृति हेतु जुलाई, 2013 में भेजा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पाइप लाइन को विस्तारीकरण कर पेयजलापूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल आपूर्ति कराना

*314. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के सभी गाँवों के सतही जल में आर्सेनिक की मात्रा पायी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के 77 (सतहत्तर) गाँवों में मल्टीभिलेज स्कीम के तहत आर्सेनिक मुक्त पेयजलापूर्ति की स्वीकृति वर्ष 2009 में प्राप्त होने एवं डी०पी०आर० बनाने के बाद भी आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में मल्टीभिलेज स्कीम चालू कराने का विचार रखती है ?

अनाज मुहैया कराना

*315. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में शहरी क्षेत्र के ए०पी०एल० परिवार के लोगों के लिये वर्ष 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 तीन वर्षों में कुल लगभग 1 लाख 25 हजार क्विंटल अनाज का उठाव किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्षों में ए०पी०एल० परिवार के लोगों के बीच किसी प्रकार की कोई राशन का वितरण नहीं किया गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ए०पी०एल० परिवारों को कबतक अनाज मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधिप्राप्ति का उपाय

*316. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र हिंदुस्तान में दिनांक 18 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक" दो माह में दो प्रतिशत भी खरीद नहीं " को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 24 लाख टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा है परन्तु दो महीना से अधिक समय होने के बाद भी मात्र 60 लाख टन धान की अधिप्राप्ति हो सकी है जो सरकार के लक्ष्य का मात्र 1.5 प्रतिशत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धान के समुचित क्रय केन्द्र नहीं खुलने से किसान सस्ते दर पर धान विक्रय कर रहे हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार धान लक्ष्य के अनुसार अधिप्राप्ति के लिये कौन-सी उपाय करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*317. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 नवम्बर, 2013 के अंक में छपी खबर "राज्य में अभी 142 कोल्ड स्टोरेज बन्द" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रति वर्ष 60 से 65 लाख टन आलू का उत्पादन होता है, जबकि भंडारण क्षमता मात्र 10 लाख टन की उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भंडारण क्षमता में वृद्धि नहीं किये जाने के कारण राज्य के आलू उत्पादक किसान अपना उत्पाद बाजार भाव से काफी कम कीमत पर बेचते हैं और उन्हें काफी आर्थिक क्षति प्रत्येक वर्ष होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के किसानों के हित में आलू के भंडारण क्षमता वृद्धि के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

समाधान कराना

*318. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर नगर पंचायत में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण जल-जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कोइलवर नगर पंचायत में मास्टर प्लान बनाकर जल-जमाव की समस्या का स्थायी समाधान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल गाड़ना

*319. डॉ0 उषा विद्यार्थी---क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पटना जिला के पालीगंज विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखण्ड के 14 तथा पालीगंज प्रखण्ड के 25 पंचायतों में क्रमशः 66 तथा 124 चापाकल गाड़ने हेतु क्रमशः अपने पत्रांक 384, दिनांक 29 अप्रैल, 2013 तथा पत्रांक 419, दिनांक 18 जुलाई, 2013 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन, पटना से अनुशंसा करने के बावजूद उपर्युक्त वर्णित चापाकलों को गाड़ने का काम अबतक अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित चापाकलों को गाड़ने का कार्य शीघ्रता से पूरा करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य अपने पत्रांक 446, दिनांक 6 नवम्बर, 2013 द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन, पटना को पुनः स्मारित करने के बावजूद भी अबतक उक्त कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित चापाकल गाड़ने का काम कबतक पूरा करने का विचार रखती है ?

---

प्रयोगशाला खोलना

*320. श्री राम सेवक सिंह---क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड उचकागाँव, हथुआ एवं फुलवरिया में मिट्टी जाँच करने हेतु कोई प्रयोगशाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तीनों प्रखण्डों के किसानों को मिट्टी जाँच कराने हेतु दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, फलस्वरूप अधिकांश किसान बिना मिट्टी जाँच कराये ही खेती करते हैं, जिससे फसल का उत्पादन सही मात्रा में नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखण्डों में मिट्टी जाँच हेतु प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गोदाम का निर्माण

*321. श्री जितेन्द्र कुमार राय---क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्राथमिक कृषि शाखा सहयोग समिति लिमिटेड कैतुका नन्दन मकेर एवं ईख क्रय-विक्रय संघ सोनहो में भंडारण हेतु गोदाम नहीं रहने के कारण उन क्षेत्रों की जनता को भंडारण में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों स्थानों पर भंडारण हेतु गोदाम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*322. श्री विनोद कुमार सिंह---क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष 2013 में कटिहार जिले के प्राणपुर, मनसाही तथा आजमनगर प्रखण्डों में आयी

साइक्लोन से आलू तथा धान से लगा फसल बर्बाद हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों के किसानों की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के किसानों के बीच नष्ट हुये फसल का मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का पक्कीकरण

*323. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर बाजार के आदर्शनगर मुहल्ला के सभी वार्डों की सड़कें कच्ची हैं, जिससे लाखों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*324. श्री पवन कुमार जायसवाल––क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका एवं घोड़ासाहन प्रखंडों में सोलह राजस्व हल्का है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र छः हल्का कर्मचारियों के सहारे 16 राजस्व हल्का का संचालन किया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि हल्का कर्मचारियों के कमी के कारण राजस्व वसूली सहित आवश्यक कार्य बाधित हो रहा है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजस्व हल्का कर्मचारियों के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*325. श्री सदानन्द सिंह––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत जानीडीह जलापूर्ति योजना एवं सन्हौला जलापूर्ति योजना द्वारा एक वर्ष पूर्व ही निर्धारित समय पूर्ण हो जाने के बावजूद भी जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो कबतक, उक्त दोनों योजनाओं से पेयजल हेतु जलापूर्ति प्रारम्भ करवा दिया जायेगा ?

---

नाला निर्माण कराना

*326. श्री विनोद प्रसाद यादव––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी के वार्ड नं0 3 एवं 4 के महादलित टोलों यथा नया बाजार, मांझी टोला, चौधरी टोला, नूतन नगर, अनुमंडलीय अस्पताल होते बुढ़ी नदी तक नाला का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे जल–जमाव की समस्या बनी-रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नया बाजार महादलित टोला यथा मांझी टोला, चौधरी, टोला, नूतन नगर, अनुमंडलीय अस्पताल, सब–ग्रिड स्टेशन होते बुढ़ी नदी तक राज्य योजना मद से नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वितरित करवाना

* 327. श्री प्रदीप कुमार——क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावाँ प्रखण्ड के ग्राम–डोला तथा छतरवार में वृहत् पैमाने पर पान की खेती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013–14 में कृषि विभाग द्वारा उक्त ग्रामों के पान कृषकों को कृषि अनुदान वितरित किये जाने हेतु परियोजना कार्यालय, आत्मा, नवादा को एक करोड़ पैंतीस लाख रुपये दी गयी है, परन्तु वितरित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों के कृषकों को पान अनुदान 31 मार्च, 2014 के पहले वितरित करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 328. श्री विनोद प्रसाद यादव——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शेरघाटी के वार्ड नं0 3 में महादलित टोला, नई बाजार, मांझी टोला, दास टोला होते महुआटांड तक आवागमन की सुविधा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महादलित टोला, नई बाजार से महुआटांड तक सड़क कच्ची है, जो काफी जर्जर अवस्था में है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नई बाजार, महादलित टोला से महुआटांड तक सड़क एवं नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

* 329. श्रीमती पूनम देवी——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना स्थित वार्ड नं0 5, राजाबाजार, चौधरी होटल गली के समनपुरा मुहल्ला में जलापूर्ति हेतु 8'' ब्यास की पाइप वर्ष 2012–13 में बिछाई गयी है, परन्तु चौधरी होटल गली में पश्चिम देवी स्थान से सटे पूरब तरफ जानेवाली गली में 300 फीट जलापूर्ति पाइप नहीं बिछाई गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गली में आम जनता के हित में कबतक जलापूर्ति पाइप बिछाकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है ?

---

भूमि अधिग्रहण मुक्त कराना

* 330. श्री राहुल कुमार——क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहा प्रखण्ड के मोजे गरहा एवं परगाना मोरबाहतुरह के थाना नं0 645, खाता नं0 110 तथा खेसरा नं0 401 के निजी जमीन पर वहाँ के अंचलाधिकारी द्वारा बिना भू–स्वामी के सहमति के जमीन का अधिग्रहण कर पंचायत भवन का निर्माण करा दिया गया है, जबकि उक्त जमीन का अद्यतन रसीद भू–धारी के पास उपलब्ध है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पक्कीकरण कराना

* 331. मो0 आफाक आलम—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के मदरसा चौक से दक्षिण कुम्हार टोला महादलित के घर से पीच सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

पानी टंकी का निर्माण

* 332. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, जगदीशपुर में पेयजल हेतु पानी टंकी 50 वर्षो पुरानी है तथा जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जगदीशपुर, जितौरा एवं अगियाँव में पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

मुहैया कराना

* 333. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर, पीरो प्रखण्ड सहित पूरे राज्य में जिन लोगो का नाम ए0 पी0 एल0, बी0 पी0 एल0 सूची में नहीं है, उसे मिट्टी तेल जन–वितरण प्रणाली बिक्रेता द्वारा नहीं मुहैया कराई जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ए0 पी0 एल0, बी0 पी0 एल0 सूची से वंचित लोगों को भी मिट्टी तेल जन–वितरण प्रणाली द्वारा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दखल दिलाना

* 334. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भू–दान यज्ञ कमिटी, गर्दनीबाग, पटना के लिखित आदेशानुसार मौजा, रघुनाथपुर, थाना नं0 34, अंचल–बिक्रम, जिला–पटना के खाता नं0 185, खेसरा नं0 1, रकबा–36 एकड 32 डी0 भूमि का वितरण प्रति लाभार्थी 21 डी0 के हिसाब से राम अयोध्या पासवान सहित 173 दलित एवं महादलित परिवार के बीच 1988 में किया गया था, परन्तु अभीतक इन भूमिहीन दलित/महादलित परिवारों को जमीन का दखल–कब्जा नहीं मिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन फर्जी तरीके से शराब फैक्ट्री खोलने हेतु श्री रामेश्वर सिंह यादव, ग्राम–अंधारी माईया, पो0–सैदाबाद, थाना–रानी तालाब, कनपा, जिला–पटना को बेच दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भू–दान यज्ञ कमिटी द्वारा 173 दलित एवं महादलित परिवार को आवंटित जमीन पर दखल दिलाने का विचार रखती है, यदि नही, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*335. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत में रानी सती चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल मुहैया कराना

*336. श्री वृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत भदौरा ग्राम में मिनी जलापूर्ति योजना वर्ष 2013 से अधूरा पड़ा है, जिस कारण स्थानीय नागरिकगण शुद्ध पेयजल से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधूरे जलापूर्ति योजना को पूर्ण कर शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*337. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, धार्मिक न्यास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के शाम्भो प्रखंड अन्तर्गत बिजुलिया ग्राम में अवस्थित बाबा ब्रह्मदेवता का मंदिर धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित ट्रस्ट के नियंत्रणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल देवता का अति प्राचीन मंदिर की भूमि का अतिक्रमण के कारण चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर की अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराकर चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:

दिनांक 20 फरवरी, 2014 (ई०) ।

फूल झा,

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०)--143--डी०टी०पी०--450